**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *241**

**जिसका उत्तर 05 अगस्त, 2021 को दिया जाना है।**

**.....**

**दौधन बांध का निर्माण**

***241. श्री विष्णु दत्त शर्मा:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत दौधन बांध के संबंध में विस्थापन की कार्य योजना में हुई प्रगति की स्थिति क्या है;

(ख) उक्त बांध का निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार ने छत्तरपुर जिले के दस गांवों में रहने वाले लोगों हेतु कोई पुनर्वास योजना तैयार की है जो उक्त परियोजना के अंतर्गत उक्त बांध तथा नहरों के निर्माण के कारण डूब जाएंगे; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**उत्तर**

**जल शक्ति मंत्री (श्री गजेंद्र सिंह शेखावत)**

**(क) से (घ)**: विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"दौधन बांध का निर्माण"** के संबंध में लोक सभा में **श्री विष्णु दत्त शर्मा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *241, जिसका उत्तर दिनांक 05.08.2021 को दिया जाना है, के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(क):** केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी) के अंतर्गत प्रस्तावित दौधन बांध से लगभग 9000 हेक्टेयर क्षेत्रफल जलमग्न हो जाएगा जिससे दस गांव प्रभावित होंगे। परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए विस्थापन की स्पष्ट योजना को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में शामिल किया गया है। इस परियोजना की मंत्रिमंडल से मंजूरी के बाद विस्थापन की कार्ययोजना बनाई जाएगी।

**(ख):** डीपीआर के अनुसार, दौधन बांध को शामिल करते हुए पूरी परियोजना के पूरा होने में आठ वर्ष लगने की संभावना है।

**(ग)और (घ):** मध्यप्रदेश के छत्तरपुर जिले के दस गांवों में रहने वाले परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए विस्तृत पुनर्वास योजना को 'भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013' के अनुसार डीपीआर में शामिल किया गया है। परियोजना प्रभावित परिवारों की आर्थिक पुनर्वास योजना के कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित दौधन बांध, केन-बेतवा लिंक नहर, केन लेफ्ट बैंक नहर आदि के लिए कुल परिव्यय 2,280 करोड़ रूपए (2020-21 के मूल्य स्तर प ) है। इसे परियोजना की अनुमानित लागत में शामिल किया गया है।

***